RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

जीतो बेंगलूरू नॉर्थ के जेबीएन पायोनियर्स की एक उत्साहवर्धक बैठक का आयोजन हुआ। साझा बुद्धि के साथ विकास को प्रज्ज्वलित करने के उद्देश्य से इस बैठक का आयोजन किया गया। ज्ञान का साझाकरण और सहयोग के माध्यम से अपने सदस्यों के बीच विकास और संबंधों को बढ़ावा देने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।



# जीतो चैप्टर द्वारा ट्रक चालकों को 'सुरक्षा किट' का वितरण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



मैसूरु। यहां रविवार को मैसूरु में जीतो चैप्टर द्वारा श्रमण आरोग्यम के 1008 ट्रक ड्राइवर को 'सुरक्षा किट वितरण' का कार्यक्रम की शानदार शुरुआत प्रारंभ मैसूरु के पैलेस परिसर से हुआ है। रविवार को सुबह आचार्य श्री तीर्थ भद्र सूरीश्वरजी आदि संतों के साथ आए बसंत मुनिजी, प्रज्वल मुनि पधारे। साध्वीश्री भी आर्शीवाद देने के लिए पहुंची।

नमस्कार मंगलाचरण करते हुए दीप प्रज्ज्वलन करने के लिए सभी मुख्य अतिथियों के द्वारा किया गया। आज के मुख्य अतिथि मैसूरु राजवंश के श्री यदुवीरजी कृष्णराजा वाडियार एवं श्रीमती त्रिशिका देवी एवं केकेजी जोन के चेयरमैन अशोककुमार सालेचा, मुख्य सचिव दिलीप जैन, उपाध्यक्ष प्रवीण जैन, श्रमण आरोग्यम चेयरमैन कन्वेनर महावीर जैन, अल्पसंख्यक संयोजक कविता जैन आदि उपस्थित थे। गुरुदेव के आशीवर्चन के साथ ही जीतो लेडीज विंग के उड़ान कार्यक्रम का पोस्टर यदुवीर व त्रिशिका वाडियार एवं केकेजी जोन के साथ लाभार्थी परिवार एवं जीतो मैसूरु टीम ने मिलकर पोस्टर का विमोचन किया।

अल्पहार के मुख्य लाभार्थी मोहनीदेवी छगनलाल मुथा दिलीपकुमार जैन परिवार का सम्मान महाराज यदुवीर ने साफा पहनाकर और शॉल ओढाकर किया।

मैसूरु जीतो चैप्टर चेयरमैन कांतिलाल जैन, मुख्य सचिव गौतम सालेचा, उपाध्यक्ष राजेश सालेचा महेंद्र जैन, खजांची विनोद जैन, श्रमण आरोग्यम कन्वेनर राजन बागमार, प्रोजेक्ट डायरेक्टर राजेन्द्र सालेचा, सचिव प्रेम पालरेचा, सहखजांची नेमिचंद श्रीमाल एवं जीतो परिवार के सदस्य, लेडीज विंग एवं यूथ विंग के ससभी सदस्य इस मौके पर उपस्थित थे।

श्रमण आरोग्यम योजना के तहत टोकन स्वरूप आज दस ट्रक चालकों को अतिथियों द्वारा 'सुरक्षा किट' वितरित किए गए। ड्राइवरों को उनकी सुरक्षा के लिए दिए गए इस सुरक्षा किट में टूल्स, फर्स्ट एड दवाई, गुरु भगवंतों के चित्र, टी शर्ट, टार्च आदि का समावेश है। साथ ही सभी ड्राइवरों से सुबह के समय विहार करने वाले जैन संतों की सड़क पर सुरक्षा के बारे में भी बताया गया। धन्यवाद मुख्य सचिव गौतम सालेचा ने दिया।





# वर्धमान शक्रस्तव एवं अष्टोत्तरी अभिषेक का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

गदग। यहां श्री राजस्थान जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ के तत्वावधान में साध्वीश्री परागप्रभा, साध्वीश्री अक्षयप्रभा, साध्वीश्री विरागप्रभा और साध्वीश्री पराथप्रभाश्री के पावन सान्निध्य में प्रभु भक्ति कार्यक्रम रविवार को स्टेशन मार्ग पर स्थित पार्श्वनाथ जैन मंदिर के सभा भवन में आयोजित किया गया। वासक्षेप, केसरिया दूध, सुगन्धित औषधि युक्त जल, केसर की धारा, पंचामृत सर्व औषधी मिश्रित जलधारा द्वारा अभिषेक किया गया। प्रभु मस्तक पर अभिषेक धारा का अद्भुत नजारा देखने का सब को सौभाग्य मिला। साध्वीश्री परागप्रभा नें बताया अभिषेक से परमात्मा से आत्मीय जुड़ाव होता है। अभिषेक से जिनत्व के नजदीक आ सकते है। अभिषेक और पूजा द्वारा स्वयं को निर्मल बनाया जा सकता है। युवा संगीतकार हर्षित भाई शाह ने मधुर गानों से लोगों में भक्ति की बयार चलाई। परमात्मा के वर्धमान शक्रस्तव एवं अष्टोत्तरी अभिषेक का लाभ भगवंतीबेन भवरलालजी गाँधी मेहता परिवार ने लिया व अभिषेक की व्यवस्था गिरनारी ग्रुप ने की थी।



# 'संबंधों के बढ़ावे से विकास को गति मिलती है'

## जीतो बेंगलूरू नॉर्थ के जेबीएन पायोनियर्स की बैठक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो बेंगलूरू नॉर्थ के जेबीएन पायोनियर्स की एक उत्साहवर्धक बैठक का आयोजन हुआ। साझा बुद्धि के साथ विकास को प्रज्ज्वलित करने के उद्धेश्य से इस बैठक का आयोजन किया गया। ज्ञान का साझाकरण और सहयोग के माध्यम से अपने सदस्यों के बीच विकास और संबंधों को बढ़ावा देने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। नवकार स्मरण से प्रारंभ बैठक में पायोनियर्स अध्यक्ष देवेंद्र जैन ने सबका स्वागत करते हुए कहा कि मजबूत संबंधों के आधार वाले जेबीएन समूहों में आपसी सहयोग एवं रेफ़रलो के कारण संगठित विकास की गारंटी मिलती है।

बैठक का मुख्य आकर्षण अत्यधिक प्रभावी शिक्षा स्लॉट था, जिसे जेबीएन पायनियर्स के प्रतिष्ठित सदस्य आशीष भंसाली द्वारा प्रस्तुत किया गया था। कार्य-जीवन संतुलन पर उनकी प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों को प्रभावित किया, जिससे पेशेवर और व्यक्तिगत क्षेत्रों के बीच संतुलन बनाए रखने पर मूल्यवान दृष्टिकोण देखने को मिला। बैठक में मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के रौनक कुमट द्वारा 10 मिनट की प्रस्तुति भी दी गई जिसमें उन्होंने अपने व्यवसाय का एक व्यावहारिक अवलोकन, सफलता की कहानियां और विशिष्ट व्यावसायिक आवश्यकताओं को प्रदर्शित किया। सचिव प्रेक्षा कात्रेला ने जेबीएन पायनियर्स रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें रेफरल पास करने और समूह के भीतर सहयोग को बढ़ावा देने की उल्लेखनीय उपलब्धि पर प्रकाश डाला गया।

जेबीएन के संयोजक और जीतो बेंगलूरू नॉर्थ के सचिव प्रमोद बाफना ने एक प्रेरणादायक टिप्पणी साझा करते हुए कहा कि ज्ञान साझा करने और विकास की यात्रा में, हर बैठक एक मील का पत्थर है जो सामूहिक सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है और जेबीएन पायनियर्स अटूट उत्साह के साथ इस पथ को रोशन करने के लिए अग्रसर है। जीतो बेंगलूरु नॉर्थ के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ बोहरा के अनुसार पायोनियर्स की स्थापना से अब तक 703 रेफरल के माध्यम से लगभग 5.34 करोड़ का आपसी व्यापार अब तक हो चुका है जो लगातार समृद्ध हो रहे जेबीएन पायोनियर्स की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। बैठक एकता और राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक राष्ट्रगान के देशभक्ति पूर्ण स्वर में संपन्न हुई।



# प्रभु की आराधना से सभी मनोवांछित कार्य पूरे हो जाते हैं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां महालक्ष्मी लेआउट के चिंतामणि पार्श्वनाथ जैन मंदिर में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री तत्वत्रयाश्रीजी म. सा., साध्वीश्री गोयमरत्नाश्रीजी, एवं साध्वी श्री परमप्रज्ञाश्रीजी म. सा. की पावनतम निश्रा में रविवार को 108 पार्श्वनाथ भगवान का महापूजन का आयोजन किया गया।

साध्वीजी श्री तत्वत्रयाश्रीजी ने पुरुषादानी परमात्मा पार्श्वनाथ के बारे बताते हुए कहा कि पार्श्वनाथ भगवान की ममता, समता, क्षमता विश्व में प्रसिद्ध है महावीर स्वामी के शासन में भी पार्श्वनाथ भगवान के भक्त मौजूद हैं।

पार्श्वनाथ भगवान ने सबसे ज्यादा पाँच सौ कल्याणक एवं वीश स्थानक तप की आराधना की थी, इसलिए सबसे ज्यादा प्रभाव पार्श्वनाथ स्वामी का है साध्वीवर्या ने 108 पार्श्वनाथ महापूजन का महत्त्व बताते हुए कहा कि इस पूजन से प्रभु की सदैव कृपा बनी रहती है संपूर्ण कष्टों का निवारण हो जाता है घर, गांव, देश संसार का कल्याण होता है।

पार्श्वनाथ प्रभु की आराधना से बहुत जल्दी मनोवांछित काम पूरे हो जाते हैं। श्रद्धा और भक्ति में झूमते हुए श्रद्धालुओं ने सर्वप्रथम दिव्य मंत्रोच्चार के साथ दूध, जल, चंदन, अक्षत, गंध, फल, फूल आदि से परमात्मा की अष्ट प्रकारी पूजा सम्पन्न की। साध्वीवर्या ने दिव्य चमत्कारी मंत्रों का एवं स्तोत्रों का सामूहिक संगान करवाया तो माहौल भावविभोर हो उठा। संघ द्वारा 108 पार्श्वनाथ महापूजन का सामूहिक लाभ दिया गया पूजन में काफी श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। पूजन का सम्पूर्ण विधि विधान विपिन गुरुजी ने करवाया एवम संगीतकार सुनील भाई ने संगीत की मधुर लहरी से भक्ति का शमा बांधा। यह जानकारी जयंतिलाल श्री श्रीमाल ने दी।

# गेमावत मुख्य संरक्षक एवं धारीवाल महामंत्री बने

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





बेंगलूरु। देश के बीस राज्यों में अपनी बाँहें फैला चुका राष्ट्रीय पार्श्व भैरव भक्त परिवार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी शाखाएँ बढ़ाकर समाज सेवा में अग्रणीय संस्था की ओर अग्रसर है। स्थापना के तीसरे साल में कदम रखकर ठंड के मौसम में हज़ारों ज़रूरतमंदों को कंबल, विद्यार्थियों को ज़रूरी पाठ्य सामग्री आदि का वितरण किया है।

संगठन में बड़ा बदलाव के तहत आज परिवार के संस्थापक चेयरमैन डॉ विजयकुमार सुराना ने मुंबई निवासी नाकोडा तीर्थ के निकट पूर्व ट्रस्टी डॉ रणवीर गेमावत को परिवार के अंतरराष्ट्रीय मुख्य संरक्षक, बेंगलूरु निवासी अखिल भारत जैन कान्फ्रेंस के प्रसार प्रचार मंत्री, समाजसेवी गौतमचंद धारीवाल को भक्त परिवार के राष्ट्रीय महामंत्री एवं नाकोडा भक्त जैन संगीतकार प्रवीण नाकोडा को परिवार के राष्ट्रीय प्रसार प्रचार मंत्री पद पर मनोनीत कर उन्हें प्रमाण वचन दिलाया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मोहनलाल मांडोत ने बताया के कार्यकारिणी के नये सदस्यों से सूझबूझ के साथ कार्य से देश विदेश में परिवार नई बुलंदियों को हासिल करेगा। ऑनलाइन कार्यक्रम में परिवार के उपाध्यक्ष विनोद साँखला, सह संस्थापक ट्रस्टी दिलखुश बाफणा एवं संगीता सुराना मौजूद रहे। सभी का आभार व्यक्त करते हुए संस्थापक चेयरमैन डॉ विजयकुमार सुराना ने कहा के अंतरराष्ट्रीय शाखाओं में अमेरिका, लंदन, यूएई एवं मलेशिया के कार्यकारिणी का पुनर्गठन का कार्य शीघ्र ही किए जाएंगे।



## यशवंतपुर में तपस्वी का वरघोड़ा निकाला

# कर्मों का क्षय होने पर ही मिलता है तपस्या का लाभ : साध्वी शीलप्रज्ञा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यशवंतपुर में कविता कंकुचोपड़ा के15 उपवास की तपस्या पूर्ण होने पर रविवार को यशवंतपुर में बैंड-बाजे के साथ वरघोड़ा निकाला गया। वरघोड़ा निवास स्थान से शुरू होकर सुमतिनाथ जैन मंदिर पहुंचा। कविता शंभूलाल कंकुचोपड़ा की पुत्रवधु व राकेश कंकुचोपड़ा की पत्नी हैं। सुमतिनाथ जैन मंदिर यशवंतपुर में विराजित साध्वी शीलप्रज्ञाश्री एवं साध्वी अक्षतरत्नाश्री ने धर्म सभा में तपस्या का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि अनंत भवों के कर्मो के क्षय होने पर ही हमें तपस्या करने का इस मनुष्य जन्म में योग प्राप्त होता है। साध्वी शीालप्रज्ञाश्री भी स्वयं सांसारिक कंकुंचोपड़ा परिवार की बेटी हैं। यहां पर उपस्थित सुमतिनाथ जैन मंदिर के ट्रस्टी मूलचंद कटारिया,जवेरचंद कंकुंचोपड़ा, विजयराज मेहता, प्रशांत वर्धन, अध्यक्ष किशोरकुमार ओस्तवाल, उपाध्यक्ष राकेश कंकुचोपड़ा, सचिव पवनकुमार नाहर के समक्ष कविता का सम्मान किया गया। इस अवसर पर उन्हें शॉल ओढ़ाया गया और माल्यार्पण किया। इसी उपलक्ष में कंकु चोपड़ा भाइपा परिवार के सचिव डूंगरमल कंकुचोपड़ा एवं सहसचिव ताराचंद कंकुंचोपड़ा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने बहन कविता से अनुरोध किया कि आपके शारीरिक अनुकूलता हो तो आप आगे भी तपस्या करने के उत्तम भाव रखें। इस अवसर पर संघ की ओर से डूंगरमल कंकुचोपड़ा व ताराचंद कंकुंचोपड़ा ने तपस्वी का सम्मान किया। अंत में तेरापंथ सभा भवन यशवंतपुर में कविता चोपड़ा के पारणा अवसर पर समाज के अनेक लोग उपस्थित थे।

# 'पार्श्वनाथ की भक्ति से होता है दुखों का नाश'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। यहां शांतिनाथ जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ के तत्वावधान में जेपीपी समणी सेन्टर में आयोजित चातुर्मासार्थ विराजित मुनिश्री राजपद्मसागरजी म. सा. ने मंगलकारी सर्वविघ्ननिवारक 23वें तीर्थंकर श्री पारसनाथ परमात्मा का अनुष्ठान करवाया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अरिहंत परमात्मा की भक्ति करने से सब दुखों का नाश होता है। अष्ट प्रकारी पूजा के विषय में उन्होंने समझाया कि अरिहंत परमात्मा सब दुख से मुक्ति देते हैं। सर्व दोषों का निवारण करते हैं। प्रभु सर्वगुण सम्पन्न हैं। अनंत गुणों के भंडार हैं उनकी भक्ति करने से हमारे अंदर की सभी कमियों एवं दोषों का निवारण हो जाता है। परमात्मा की भक्त करने से सभी पाप दूर होते हैं। परमात्मा पारसनाथजी की महिला अपरम्पार है उनकी महिमा तीनों लोक में व्याप्त है। पारसनाथ परमात्मा भी पूर्व भव में देवता थे। तब उन्होंने अरिहंत परमात्मा की भक्ति की थी। 500 कल्याणक की उजवानी की थी। इसलिए पारसनाथ प्रभु की महिमा उनका नाम और उनकी कीर्ति चारों तरफ फैली है। पार्श्वनाथ भगवान के 108 से भी अधिक नाम है। उनकी आराधना साधना करने से उनके नाम का स्मरण करने से हमारे पाप दूर होते हैं । अनुष्ठान के लाभार्थी परिवार संघवी माणकचंद मंगलचंद आच्छा परिवार रहे। सतीकरं तप की पूर्णाहुति हुई। कार्यक्रम में घर-घर अठाई, हर घर अठाई में बहुत सारे नाम प्राप्त हुए।



# वासुपूज्य स्वामी जैन सेवा मंडल ने दिया 'वस्त्र भंडार योजना' में सहयोग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। राजस्थान संघ कर्नाटक ट्रस्ट द्वारा जरूरतमंदों को पहनने के परिधान उपलब्ध कराने के लिए नीति 'वस्त्र भंडार योजना' के अंतर्गत घर-घर से पहनने योग्य पुराने वस्त्र एकत्रित कर उन्हें जरूरतमंदों को मुहैय्या कराया जाता है। इस भगीरथ कार्य में हमें अनेक संघ संस्थाओं का भी अनुकरणीय सहयोग प्राप्त हो रहा है।

ट्रस्ट के अध्यक्ष कैलाश संखलेचा ने इसी क्रम में अक्कीपेट क्षेत्र में सक्रिय श्री वासुपूज्य स्वामी जैन सेवा मंडल के सदस्यों ने हमारी इस योजना का प्रचार प्रसार कर करीबन 3567 जोड़े वस्त्र एकत्रित करने के अद्भुत कार्य को अंजाम तक पहुंचाया है। ट्रस्ट के कांतिलाल नागोत्रा सोलंकी, नरपत लुंकड़ एवं मंडल के अध्यक्ष पदमराज मुथा, मंत्री ललित कश्यप, विनोद मेहता,सुकनराज फ़ागणिया, जगदीश छाजेड़, विजयराज गांधी, राजेश नानेशा, निहाल मेहता, अनित सुकलेसा, अशोक आर, मुन्नीलाल पारेख, आदि अनेक मंडल के सदस्यो ने वस्त्र एकित्रत करने का सफल कार्य कर दिखाया है।

राजस्थान संघ के चेयरमैन अशोक चोपड़ा, अध्यक्ष कैलाश संखलेचा, प्रोजेक्ट चेयरमैन सुरेश धोका, सलाहकार अनिल संकलेचा ने वासुपूज्य स्वामी जैन सेवा मंडल के इस अनुकरणीय योगदान के लिए सभी सदस्यों का सम्मान किया गया।

# रियायती दर पर लिपिड प्रोफाइल जांच शिविर

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। यहां राजाजीनगर के तेरापंथ युवक परिषद द्वारा संचालित आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर श्रीरामपुरम के अंतर्गत 76वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में रियायती दर पर लिपिड प्रोफाइल टेस्ट शिविर का आयोजन रविवार को किया गया।



शिविर की शुरुआत सामूहिक नमस्कार महामंत्र के उच्चारण से हुई। लिपिड प्रोफाइल में कुल 7 टेस्ट समावेश किये गए जिसमें कुल कोलेस्ट्रॉल, ट्राइग्लिसराइड्स, एचडीएल, वीएलडीएल कोलेस्ट्रॉल, निम्न घनत्व वसा कोलेस्ट्रोल, कुल चोल/एचडीएल चोल अनुपात, एलडीएल : एचडीएल अनुपात जैसे विभिन्न प्रकार के कोलेस्ट्रोल टेस्ट किये गए। इस शिविर से कुल 87 सदस्य लाभान्वित हुए। सभी सदस्यों को एटीडीसी द्वारा प्रदत्त विभिन्न सेवाओं से अवगत करवाया गया। स्थानीय लोगों ने इस उपक्रम की खूब खूब सराहना की एवं समय-समय पर विशेष अवसरों पर शिविर लगाना हेतु धन्यवाद व्यक्त किया। स्व.सुखराज हिंगड की स्मृति में धर्मपत्नी सूरज देवी हिंगड टीकमचंद नवीन ऋषभ हिंगड परिवार ने प्रायोजक बनकर अर्थ सहयोग दिया। शिविर को व्यवस्थित आयोजन करने में तेयुप निवर्तमान अध्यक्ष अरविंद गन्ना, अध्यक्ष कमलेश गन्ना, कमलेश चौरड़िया, राजेश देरासरिया, मुकेश भंडारी, हरिशजी पोरवाड़ एवं अभिषेक पीपाड़ा का विशेष सहयोग रहा। एटीडीसी स्टाफ पवन, स्मिता एवं दीपाश्री का विशेष श्रम नियोजित हुआ।

# नवरात्रि महोत्सव की तैयारियों के लिए बैठक सम्पन्न



बेंगलूरु/दक्षिण भारत । यहां सुराणा संघ रजि. एवं श्रीमती भंवरीबाई घेवरचंद सुराणा चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आगामी आसोज मास के नवरात्रि महोत्सव की तैयारियों हेतु एक बैठक गोडवाड़ भवन के मुछाला महावीर सभागार में सम्पन्न हुई। संघ के महामंत्री भीमराज सुराणा ने जानकारी देते हुए बताया कि संघ के अध्यक्ष महीपाल सुराणा ने सभी का स्वागत करते हुए 15 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहे महोत्सव की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अष्टमी 22अक्टूबर को प्रातः नारायण हृदयालय से माताजी धाम तक पैदल यात्रा का आयोजन किया गया है तथा उसी दिन सायं विराट भक्ति संध्या का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रसिद्ध गायिका खुशबू कुंभट जोधपुर भक्ति के रंग में सराबोर करेगी। बैठक में भक्ति संध्या के मुख्य प्रायोजक के रुप में बी. सोहनलाल नितिन सुराणा पीपाड़ सिटी तथा पैदल यात्रा के लाभार्थी के रुप में छीतरमल रतनलाल सुराणा गोविंदगढ़ के नामों की भी घोषणा हुई। सभा में संस्थापक अध्यक्ष रिखबचंद सुराणा, द्वि उपाध्यक्ष सोहनलाल सुराणा व डालमचंद सुराणा, सहमंत्री राजेश सुराणा, सह कोषाध्यक्ष प्रकाश सुराणा, प्रचार मंत्री देवराज सुराणा सहित समिति सदस्य उपस्थित थे।

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com